प्रेस नोट- थाना मिर्जापुर
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक- 05.11.2026

थाना मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा 03.142 कि0ग्रा0 नाजायज डोडा सहित 2 अभियुक्तगण/तस्करों को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष मिर्जापुर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम, चोरी-लूट-अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण-मादक पदार्थ तस्करी व अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी के क्रम में थाना मिर्जापुर पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 04.11.2026 को थाना मिर्जापुर पुलिस टीम, देखरेख शान्ति- कानून व्यवस्था, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन, व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र बरामदगी/मादक पदार्थों की तस्करी व रोकथाम जुर्म जरायम/गश्त इलाका थाना क्षेत्र में मामूर थे कि मुखबिर खास की सूचना पर मिर्जापुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम नई बस्ती भौती से हरिहरपुर जाने की ओर जाने वाले रोड से करीब 200 मी0 आगे रोड के किनारे से अभियुक्तगण 1. मनोज 2. ब्रजपाल पुत्रगण रामनरेश निवासीगण ग्राम हरिहरपुर थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर को समय 22.50 बजे गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 03.142 कि.ग्रा.डोडा नाजायज व जामा तलाशी से कुल 1420 रुपये व 01 अदद मोबाइल फोन बरामद बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0-234/26 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया तथा एक अदद मोटर साईकिल हीरो स्पेलेन्डर प्लस रंग काला रजि0 सं0 UP27BF5021 को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

➢ **अभियुक्त का विवरणः-**

1. मनोज पुत्र रामनरेश, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर।
2. ब्रजपाल पुत्र रामनरेश, उम्र करीब 40 वर्ष, नि0ग्रा0 हरिहरपुर थाना कलान शाहजहाँपुर।

➢ **पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

1. मु0अ0सं0- 234/26 धारा 8/15 NDPS ACT बनाम मनोज आदि 02 नफर उपरोक्त थाना मिर्जापुर।

➢ **बरामदगी का विवरण**

1. एक पीले रंग के प्लास्टिक के बोरे में डोडा नाजायज (वजन -03.142 कि.ग्रा. मय बोरा)
2. जामा तलाशी से अलग- अलग 1010 रूपये, 410 रूपये नगद
3. एक अदद कीपैड मोबाइल फोन HERO कंपनी LAVA रंग ब्लैक,
4. एक अदद मोटर साईकिल हीरो स्प्लेन्डर प्लस रंग काला रजि0 सं0 UP27BF5021 सीज अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट,

➢ **गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरणः-**

➢ दिनांक-04.11.26 को समय करीब 22.50 बजे, ग्राम नई बस्ती भौती से हरिहरपुर जाने की ओर जाने वाले रोड से करीब 200 मी0 आगे रोड के किनारे।

➢ **गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. थानाध्यक्ष मनोज कुमार, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 बन्टी कुमार, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर
4. मु0आ0 धर्मेन्द्र सिंह, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 गोपाल, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 अंकुश यादव, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 शशांक मलिक, थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहाँपुर।

➢ **पूछताछ का विवरण -**

अभियुक्तगण 1. मनोज पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना कलान जिला शाहजहाँपुर 2. ब्रजलाल पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना कलान जिला शाहजहाँपुर ने पूछने बताया कि साहब हम लोग रूपयो के लालच में डोडा की तस्करी करते है, आज भी हम लोग डोडा बेचने को इधर आये थे कि तभी आपने हम लोगों को पकड लिया। इस धन्धे में कोई भी अपना नाम पता सही नही बताते है और डोडा बेचने से जो मुनाफा मिलता है उससे हम लोग अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते है। इसकी बिक्री से अच्छी कमाई होती है। इसीलिए हमने ये काम किया है। साहब हमनें सारी बात आपको सच -सच बतायी है।